प्रथम सत्र, 2021
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

बुधवार,
12 फाल्गुन, शक संवत्, 1942
(दिनांक : 03 मार्च, 2021)

नत्थी 'क'

## उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2021 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह पंवार
11.11.2020

*1. क्या पर्यावरण एवं ठोस अपशिष्ट निवारण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लॉकडाउन अवधि में एक बार में इस्तेमाल होने वाले फेस मास्क, ग्लब्स, हैण्डसैनिटाइजर की बोतल और पॉलीथीन की थैलियों से सैकड़ों टन खतरनाक कचरा पैदा हुआ है? इस कचरे का रिसाइकल नहीं हो सकता है? क्या यह सत्य है कि बिना सुरक्षा उपकरणों के कचरा निस्तारण में लगे लोगों का कोरोना वायरस की जद में आने का जोखिम बना हुआ है? क्या सरकार प्रदेश में समय की मांग को दृष्टिगत रखते हुए कचरों के निपटान के लिए सुविचारित, समन्वित और दोषरहित नीति बनाकर कचरा निपटान करा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यावरण एवं ठ
अपशिष्ट निवार

स्थगित।

श्री मनोज रावत
11.11.2020

*2. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने श्रमिक करोना महामारी से प्रभावित होकर बेरोजगार हुए है ? उनके रोजगार सृजन के लिए सरकार ने क्या प्रयास किये है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि करोना काल में कितने प्रवासी श्रमिक उत्तराखण्ड आए हैं और सरकार ने उनकी जीविका की क्या व्यवस्था की है ? क्या सरकार इनके जीवन यापन हेतु रू0 दस हजार मासिक खर्च प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्रम

**स्थगित।**

श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब

*3. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा सफाई कर्मियों को

| | | |
|---|---|---|
| 23.11.2020 | पर्यावरण मित्र के नाम से सम्बोधित किया जाता है और डॉक्टरों को कोरोना वॉरीयर के नाम से सम्बोधित किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सफाई कर्मचारियों के पदों को शासन द्वारा समाप्त कर दिया गया है, और सफाई का कार्य ठेकेदारों के माध्यम से कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार इनकी सेवाओं को देखते हुए इन पदों को पुनर्जीवित कर क्या सरकार तत्काल इन्हें नियुक्ति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

## नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>03.02.2021 | *01. क्या कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व प्रदेश में कितने आई0टी0आई0 कार्यरत थे तथा वर्तमान में उनमें से कितने आई0टी0आई0 के अपने भवन हैं? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि गैरसैंण, आई0टी0आई0 जो राज्य गठन से पूर्व से स्थापित है, भवन विहीन है भवन निर्माण हेतु वर्तमान में भूमि व धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>03.02.2021 | *02. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग तथा वन निगम तथा अन्य स्रोतों से राज्य को कितना राजस्व प्राप्त होता है ? क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जो वन निगम के डिपो होते है वहां पर विभाग द्वारा लकड़ी इकट्ठी की जाती है, परन्तु उस लकड़ी का नीलाम सही समय पर नहीं किया जाता है जिससे वहां लकड़ी खराब हो जाती है तथा वन निगम को नुकसान उठाना पड़ता है? क्या सरकार इसके लिए कोई ठोस नीति बनायेगी, जिससे सरकार को अधिक लाभ मिल सके ? यदि हां, तो कब तक ? नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>04.02.2021 | *03. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से अब तक वन पंचायतों को प्रतिवर्ष कितनी वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस वित्तीय सहायता में कितनी धनराशि वृक्षारोपण के लिए प्रदान की गई ? क्या इस धनराशि से प्रदेश में नया वृक्ष आच्छादित क्षेत्र बढ़ा है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो व्यय की गई धनराशि का अपेक्षित परिणाम न | वन एवं वन्य जी |

प्राप्त होने के क्या कारण है ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2021 | *04. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में कई स्थानों में आवास विकास कालोनी के अन्तर्गत होटल संचालित किये जा रहे हैं? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि ऐसे होटल किसी प्राधिकरण अथवा सक्षम स्तर से अनुमति के बाद खोले गये हैं? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद देहरादून के ऐसे होटलों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नही, तो क्या सरकार ऐसे होटलों को सीज करने अथवा ध्वस्त करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>05.02.2021 | *05. क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि राज्य में आयुष के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं ? क्या राज्य सरकार आयुष क्षेत्र को राज्य में विकसित करने की कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आयुष |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.02.2021 | *06. क्या वन एवं वन्यजीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी जिलों में बन्दर–बाड़े बनाये जाने पर सरकार कोई निर्णय ले रही है ? यदि हॉ, तो पूर्व में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा गैरसेंण के विधानसभा सत्र में घोषणा की गई थी कि बन्दरों द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीणों की खड़ी फसल नष्ट कर दी गई है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है, वही शहरी क्षेत्रों में बन्दरों के आतंक से लोगों में भय का माहौल बन गया हैं ? क्या सरकार मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के सभी जिलों में बन्दर–बाड़े बनाये जाने को लेकर कब तक कार्य प्रारम्भ करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य ज |
| श्री मनोज रावत<br>08.02.2021 | *07. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि औद्योगिक न्यायाधिकरण हल्द्वानी के समक्ष वर्ष 2017 से 2020 तक कितने वाद लम्बित हैं तथा औद्योगिक वादों के वर्षों तक लम्बित रहने के क्या कारण हैं ? न्याय प्राधिकरण का गठन श्रमिकों की समस्या का तत्काल समाधान करने हेतु किया गया था किन्तु वादों का लम्बे समय तक निर्णित न होने से इस प्राधिकरण के गठन का औचित्य क्या हैं? | श्रम |
| श्री ऊमेश शर्मा 'काऊ'<br>08.02.2021 | **स्थगित।**<br>*08. क्या आवास मंत्री अवगत करायेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा जनपद–देहरादून में अप्रैल 2017 से दिसम्बर 2020 तक कितने व्यक्तियों के अवैध निर्माणों को नोटिस जारी किये गये हैं और कितने अवैध निर्माणों का शमन किया गया है ? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम.डी.डी.ए, देरादून द्वारा जनपद–देहरादून में अप्रैल 2017 से दिसम्बर 2020 तक कितने आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों के लिए लैण्ड यूज चेन्ज किया गया है तथा कितने आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रो में (पैट्रोल पम्पों एवं चिकित्सालयों) एम.डी.डी.ए द्वारा नियमों में शिथिलता दी गई है तथा मानचित्र स्वीकृत/शमन किये गये हैं? क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि एम.डी.डी.ए, देहरादून | आवास |

द्वारा उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान अधिनियम संख्या 33 वर्ष 2018 के लागू होने की तिथि से आज दिनांक तक एम.डी.डी.ए क्षेत्रान्तर्गत कितने निर्माणों/व्यक्तियों को उक्त अधिनियम का लाभ पहुंचाया गया व उनके विरूद्ध कार्यवाही स्थगित/निरस्त की गई है ? क्या आवास मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि एम.डी.डी.ए देहरादून द्वारा छोटे दुकानदारों/निर्माणों को सील किया गया है व जिनके रोजगार समाप्त हो गये हैं, क्या सरकार द्वारा उनको पुनः स्थापित/रोजगार दिये जाने हेतु किसी नीति का गठन किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री ऊमेश शर्मा 'काऊ'<br>08.02.2021 | *09. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012 से वर्ष 2018 तक ए0डी0बी0 द्वारा रायपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत अधोईवाला व उसके आस–पास के क्षेत्र के लिए जलापूर्ति वितरण प्रणाली की स्वीकृत डब्ल्यू.एस.एस. 07 डी.एन. योजना पर कितनी लागत प्रस्तावित थी एवं कितने मीटर पाईप लाईन बिछाई जानी थी क्या मंत्री जी अवगत करायेंगे कि ए0डी0बी0 द्वारा उपरोक्त स्वीकृत योजना पर कार्य पूर्ण नहीं कराने पर विभाग द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि ए0डी0बी0 द्वारा वित्त–पोषित योजना के अन्तर्गत वर्ष 2012 से वर्ष 2020 तक रायपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत उपरोक्त योजना के अतिरिक्त अन्य कोई योजना स्वीकृत की गई है ? क्या सरकार ए0डी0बी0 द्वारा वित्त–पोषित योजना के अन्तर्गत आगामी प्रस्तावित योजनाओं में रायपुर विधान सभा क्षेत्र की उपरोक्त अधूरी योजनाओं को सम्मिलित किया गया ? यदि नहीं, तो क्यो? | शहरी विकास |
| श्री ऊमेश शर्मा 'काऊ'<br>08.02.2021 | *10. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत करायेंगे कि मलिन बस्तियों एवं झुग्गी झोपड़ियां आदि के रूप में हुए अनाधिकृत निर्माण एवं अतिक्रमण जैसी समस्याओं के समाधान हेतु शहरी विकास विभाग द्वारा नगर निकायों को सुनियोजित विकास हेतु क्या कोई दिशा निर्देश जारी किये गये हैं ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राविधानों हेतु विशेष प्राविधान अध्यादेश 2018, दिनांक 26 जुलाई 2018 के अनुसार शहरी विकास विभाग द्वारा स्थानीय निकायों को उपरोक्त तिथि से 03 वर्ष के उपरान्त तक मलिन बस्तियों के सुनियोजित विकास हेतु दिशा–निर्देश दिये जाने प्रस्तावित थे ? क्या उपरोक्त वर्णित शासनादेशानुसार उक्त अवधि को बढ़ाया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जो ग्रामीण क्षेत्र नगर निगम या नगर पालिकाओं में सम्मिलित किये गये हैं उनकी निर्मित मलिन बस्तियों को भी नगर निगम की मलिन बस्तियों में सम्मिलित किया जायेगा ? क्या सरकार द्वारा मलिन बस्तियों के विनियमितीकरण हेतु कोई नीति बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस सम्बन्ध में शहरी विकास विभाग द्वारा अब तक की गई सम्पूर्ण कार्यवही का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री खजान दास<br>08.02.2021 | *11. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व प्रदेश में कुल कितनी आवासीय एवं व्यवसायिक भूमि थी एवं राज्य गठन के बाद उत्तराखण्ड में कृषि भूमि का अत्यधिक भू–उपयोग परिवर्तन हुआ है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितनी कृषि भूमि को आवासीय एवं व्यवसायिक अथवा गैर कृषि भूमि में वर्षवार, जिलेवार परिवर्तित किया गया है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>09.02.2021 | *12. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चम्पावत विधान सभा क्षेत्र में टनकपुर एवं चम्पावत में मल्टीस्टोरी पार्किंग बनाये जाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि उक्त दोनों नगरपालिका क्षेत्रों में पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था न होने से आम जनमानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार जन समस्या को दृष्टिगत रखते हुये टनकपुर एवं चम्पावत में मलटीस्टोरी पार्किंग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री खजान दास<br>10.02.2021 | *13. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कुल कितनी मलिन बस्तियां हैं तथा प्रदेश के प्रमुख शहरों में किस–किस शहर में कुल कितनी–कितनी मलिन बस्तियां हैं? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि मलिन बस्तियों के नियमितीकरण हेतु जनमानस द्वारा लगातार मांग की जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अब तक कुल कितनी मलिन बस्तियों का नियमितीकरण किया गया है तथा कुल कितनी बस्तियां का नियमितीकरण होना शेष है? क्या सरकार सभी मलिन बस्तियों का नियमितीकरण करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं ,तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>10.02.2021 | *14. क्या आवास मंत्री बतायेंगे कि राज्य में पार्किंग निर्माण की कोई योजना है तथा वे किन–किन स्थानों में प्रस्तावित है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जनपद चमोली के गैरसैंण, गौचर, आदिबद्री, भराड़ीसैंण में पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि गत वर्ष से विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था चयनित न होने के कारण धनराशि उपलब्ध होने के बाद भी गैरसैंण में पार्किंग निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है? क्या सरकार कार्यदायी संस्था का चयन कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | आावास |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>10.02.2021 | *15. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून सहसपुर की विधानसभा का अधिकांश भाग वन क्षेत्रों से सटा होने के कारण यहां आये दिन जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि कई बार जंगली जानवरों के कारण जान–माल की हानि भी हो चुकी है तथा क्षेत्रवासियों की फसलों को भी जंगली जानवर नुकसान पहुंचाते रहते हैं तथा जंगली जानवरों के डर से क्षेत्रवासी शाम ढलने से पहले ही घरों में कैद हो जाते है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे | वन एवं वन्य ज |

कि जंगली जानवरों से जान–माल व कीमती फसलों की सुरक्षा हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10.02.2021 | *16. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग में कितने एन0जी0ओ0 (नॉन गवर्नमन्ट आर्गनाईजेशन) पंजीकृत हैं ? प्रत्येक एन0जी0ओ0 के अलग–अलग कौन कौन से कार्यकलाप हैं एवं किस–किस क्षेत्र में कार्यरत हैं ? क्या मंत्री जी सम्बन्धित एन0जी0ओ0 के नाम, उनके अलग–अलग आय के साधन क्या हैं, का विवरण देने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 3 वित्तीय वर्षों में शासन द्वारा सम्बन्धित प्रत्येक एन0जी0ओ0 को कितनी–कितनी वित्तीय सहायता दी गई है ? क्या सम्बन्धित एन0जी0ओ0 अपने मिशन के प्रति सही कार्य कर रहे हैं ? सही कार्य न करने वाले एन0जी0ओ0 पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य ज |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>27.01.2020 | 01. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2019 के दिनांक 10.12.2019 के उपवेशन में मेरे द्वारा नियम–51 में उठाई गई चर्चा के क्रम में शहरी विकास मंत्री जी द्वारा दिये गये उत्तर में कहा गया है कि दिनांक 28.05.2019 द्वारा उप जिलाधिकारी, भगवानपुर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि समिति द्वारा की गई संस्तुति पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>29.07.2020 | 02. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार शहर में बसों एवं ट्रको के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण जनता को भारी असुविधा का सामना करना पडता है? यदि हां, तो क्या सरकार इस समस्या के निदान हेतु हरिद्वार के बाहरी क्षेत्र में ट्रक एवं बस पार्किंग बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री उमेश शर्मा 'काऊ'<br>03.02.2021 | 01. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून द्वारा विकास शुल्क के अन्तर्गत जनपद–देहरादून में अप्रैल 2017 से आज तक कितनी धनराशि अवस्थापना निधि में प्राप्त की गई है तथा अप्रैल 2017 से दिनांक 30–01–2021 तक कितने विकास कार्य स्वीकृत किये गये हैं? क्या आवास मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा किस–किस विधान सभा क्षेत्र में अवस्थापना निधि के अन्तर्गत विकास कार्यों के लिए कितनी–कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? यदि विधान सभा वार विकास कार्य स्वीकृत नहीं हुए हैं तो सम्पूर्ण एम0डी0डी0ए0 क्षेत्र में कितने विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं? क्या मंत्री जी प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि के अन्तर्गत कराये गये विकास कार्यों तथा स्वीकृत किये गये कार्यों का एवं व्यय की गई धनराशि तथा व्यय की जाने वाली धनराशि का सम्पूर्ण विवरण तथा विधानसभा/प्राधिकरण क्षेत्रानुसार प्राक्कलन, विकास कार्यों के अनुबन्धों का विवरण उपलब्ध करायेंगे? क्या आवास मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि कितने विकास कार्य अनुबन्ध होने के पश्चात भी नहीं हो पाये है, क्या उनका विवरण और कार्य न होने का कारण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2021 | 02. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि मसूरी में माल रोड की सुन्दरता को बनाये रखने के लिए एक वैंडर जोन का निर्माण कराया जाना उचित होगा? यदि हां, तो क्या सरकार मसूरी में वैंडर जोन बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2021 | 03. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार प्रदान किये जाने की दृष्टि से जनपदवार शिविर लगाये जाते हैं? यदि हॉ, तो सरकार द्वारा प्रदेश में जनपदवार कितने शिविर लगाये गये और इन शिविरों के माध्यम से कितने युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि युवाओं को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु सरकार द्वारा विकासखण्ड स्तर पर रोजगार मेले लगाये जाऐंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सेवायोजन |
| श्री चन्दन राम दास<br>04.02.2021 | 04. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' में सड़कों की सैद्धान्तिक व विधिवत स्वीकृति मिलने में अत्यधिक कठिनाई आ रही है? यदि हां, तो भारत सरकार व शासन स्तर पर लम्बित व निरस्त की गई सड़कों का क्या औचित्य है? क्या सरकार इसके लिए जिम्ममेदारी तय की जाएगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश शुक्ला<br>05.02.2021 | 05. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा ऊधमसिंह नगर जिले में किच्छा विधानसभा क्षेत्र में नगला–पंतनगर, सिरौलीकला एवं लालपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा की है ? यदि हा, तो यह नगर पंचायतें कब तक अस्तित्व में आ जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.02.2021<br>श्री मनोज रावत<br>12.02.2021 | 06. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित हैं? वर्तमान में कुल कितने संस्थान संचालित हो रहे हैं तथा आतिथि तक कुल कितने संस्थान बन्द हो गये हैं ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत दिगालीचौड़, बाराकोट, भिगराड़ा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बन्द हो गये हैं ? यदि हॉ, तो उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के बन्द होने से प्रशिक्षण ले रहे छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुय बन्द पड़े औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को पुनः संचालित करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विका |
| श्री मनोज रावत<br>08.02.2021 | 07. क्या श्रम अवगत हैं कि राज्य में भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड गठित है ? क्या सभी मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों से एक–एक प्रतिनिधि को सम्मिलित कर कमेटी का गठन किया गया है ? यदि हॉ, तो कौन–कौन सी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री ऊमेश शर्मा 'काऊ'<br>08.02.2021 | 08. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत करायेंगे कि शहरी विकास विभाग द्वारा शहरों की ग्रेडिंग का कार्य तो किया जा रहा है परन्तु रिस्पना, बांदल, दुल्हनी, सौंग, नालापानी राव आदि नदियों, सैय्यद खाले, नालों, खाली प्लाटों एवं वन भूमि में कूड़े के ढेर से गन्दगी फैली हुई है ? क्या उपरोक्त नदियों, नालों, खालों, खाली प्लाटों एवं वन भूमि में एकत्रित कूड़े की सफाई हेतु विभाग द्वारा कोई कार्य योजना बनाई/स्वीकृत की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>09.02.2021 | 09. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि रूद्रप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के नगरपालिका रूद्रप्रयाग तथा नगर पंचायत के दर्जनों व्यापारी ऑलवेदर रोड के निर्माण के चलते विस्थापित हो चुके हैं ? क्या सरकार व्यापारियों के पुनर्वास हेतु शॉपिंग काम्पलेक्स का निर्माण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 09.02.2021 | 10. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने पंजीकृत बेरोजगार हैं तथा उनके सापेक्ष कुल कितने पंजीकृत बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने की योजना है ? क्या सरकार द्वारा प्रदेश में सभी पंजीकृत बेरोजगारों को रोजगार भत्ता दिया जा रहा है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सेवायोजन |
| श्री आदेश चौहान 09.02.2021 | 11. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि नगर निगम हरिद्वार के ज्वालापुर के आवासीय क्षेत्रों तथा नगर पालिका शिवालिक नगर हरिद्वार के अन्तर्गत टिहरी विस्थापित कॉलोनी, सुभाष नगर, रामधाम कॉलोनी व देवनगर कॉलोनी में अवैध रूप से डेयरियों का संचालन किया जा रहा है ? उक्त डेयरी मालिकों द्वारा डेयरी से निकलने वाला गोबर व अन्य कूड़ा अपने आस–पास ही डालने से जहां एक ओर पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, वही दूसरी ओर मक्खी–मच्छरों व बदबू से नागरिकों को बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार आवासीय क्षेत्रों में चल रही इन अवैध डेयरियों को बन्द करने या आबादी क्षेत्र से बाहर स्थानान्तरित करने सम्बन्धी किसी योजना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकार |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 09.02.2021 | 12. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधानसभा क्षेत्र सहसपुर का अधिकांश भाग वन विभाग की सीमा से सटा हुआ है ? क्या यह सत्य है कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में वन विभाग के क्षेत्र से बरसाती पानी आबादी वाले व कृषि योग्य क्षेत्र में आ जाता है जिससे कृषि योग्य भूमि व आबादी क्षेत्र में नुकसान होता है ? बरसात के पानी को रोकने हेतु तटबन्ध/ तारजाल बनाये जाने व वनीकरण किये जाने हेतु क्या सरकार के स्तर से हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री चन्दन राम दास 10.02.2021 | 13. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला बागेश्वर के नगर पालिका परिषद बागेश्वर में 'प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी)' में कुल कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराएंगे कि विगत 4 वर्षों में नगर पालिका परिषद बागेश्वर में 'प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी)' में कुल कितने परिवारों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है तथा उक्त योजना का कुल कितने परिवारों को लाभ दिया जाना शेष रह गया है? क्या सरकार नगर पालिका परिषद बागेश्वर में 'प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी)' में शेष आवासों के लिए धनराशि अवमुक्त करते हुए सबको आवास उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री चन्दन राम दास 10.02.2021 | 14. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जायका व कैम्पा योजना के अन्तर्गत कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने | वन एवं वन्य जी |

| | | |
|---|---|---|
| | का कष्ट करेंगे कि विगत 4 वर्षों में बागेश्वर जिले में जायका व कैम्पा योजना में कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है? क्या मंत्री जी विगत 04 वर्षों में बागेश्वर जिले में जायका व कैम्पा योजना में हुए कार्यों का धनराशि सहित सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.02.2021 | 15. क्या आयुष मंत्री जी अवगत है कि राज्य में आयुष मिशन संचालित है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि आयुष मिशन के तहत कितनी योजनाओं पर प्रदेश में कार्य चल रहा है तथा उनका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>11.02.2021 | 16. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों से विकास प्राधिकरणों को समाप्त किया गया है? क्या सरकार द्वारा जनपद हरिद्वार में भी एच0आर0डी0ए0 को समाप्त कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्या हरिद्वार में भी ग्रामीण क्षेत्रों से एच0आर0डी0ए0 को समाप्त किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |